# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक / जीविवि / दीक्षांत / 2025 / 1399 दिनांक 01-08-25

## / / अधिसूचना / /

सर्व संबंधितों के सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह दिनांक 22 सितम्बर, 2025 को होना प्रस्तावित हैं, जिसमें सत्र 2024–2025 में विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं में सफल हुए अभ्यार्थियों को उपाधियों से अलंकृत किया जावेगा ।

अतः ऐसे अभ्यर्थी जिन्होनें सत्र 2024–2025 में स्नातकोत्तर / पी–एच.डी. उपाधि अर्जित की है, वे जीवाजी विश्वविद्यालय की वेवसाइट (www.jiwaji.edu) पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करेंगे । उपरोक्त आवेदन हेतु पजीयन शुल्क रुपये 500 / – केवल स्नातकोत्तर उपाधि धारकों के लिये तथा रुपये 1000 / – केवल पी–एच.डी. उपाधि धारकों के लिये (पंजीयन शुल्क रुपये 500 / – एवं उपाधि शुल्क रुपये 500 / –) के लिये निर्धारित किया गया है । इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन एवं निर्धारित शुल्क एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से दिनांक **07.09.2025** तक जमा कर सकते है ।

ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों द्वारा रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, आई.डी. प्रूफ (आधारकार्ड / पेनकार्ड / पासपोर्ट) अन्तिम वर्ष / सेमेस्टर की अंकसूची / पी–एच.डी. उपाधि धारकों के लिये नोटिफिकेशन स्केन कर संलग्न करना अनिवार्य होगा । कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.jiwaji.edu पर उपलब्ध रहेगा ।

अन्य किसी भी जानकारी के लिये मोबाइल नंबर 9893003638, 9425753786, 9165086188 पर सम्पर्क किया जा सकता है ।

नोटः– उपरोक्त समस्त प्रपत्रों को अभ्यर्थी अच्छी क्वालिटी में स्केन करावें ताकि दस्तावेज पठनीय हों ।

01/8/25

**कुलसचिव**

प्रति,

1. संपादक ........................... दैनिक समाचार पत्र की ओर इस आशय के साथ कि उक्त अधिसूचना अपने लोकप्रिय समाचारपत्र में दिनांक ........................ के अंक में न्यूनतम साइज में प्रकाशित कर देयक भुगतान हेतु कुलसचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर भेजने का कष्ट करें ।
2. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
3. कुलगुरु के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
5. श्री एच.के. द्विवेदी, प्रभारी आई.टी.सेल की ओर इस निर्देश के साथ कि वे अधिसूचना विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर आज दिनांक. 01 / 08 / 2025 को अपलोड करावें ।

**सहायक कुलसचिव (अकादमी)**